हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने परमाणु विखंडन श्रृंखला के स्व: संचालित स्तर पर पहुंचने की उपलब्धि हासिल कर ली है। इसके साथ ही भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। कल रात सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत अपने नागरिक परमाणु ऊर्जा यात्रा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है, जो देश के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण को ओर आगे बढ़ाता है।

राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय और लोकसभा सचिवालय ने अलग-अलग जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्ताव पर विधिवत विचार और सभी संबंधित पहलुओं के निष्पक्ष आकलन के बाद, राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। यह पहली बार है जब विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव रखा था।

पलवल अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद सुचारू रूप से जारी है। आज मंडी समिति के अध्यक्ष पंकज विरमानी ने बताया मंडी में गेहूं की फसल को लेकर आने वाले किसानों को सुगमता से गेट पास मिल रहे है। श्री विरमानी ने बताया कि मंडी अभी तक 1 लाख 82 हजार 461 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है और खरीद एजेंसियों द्वारा 1 लाख 36 हजार 943 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

नगर निगम पंचकूला के 160 करोड रुपए के गबन मामले में कल आरोपी स्वाति तोमर ने अपने वकील के साथ भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया।आरोपी के वकील नीरज ने कि स्वाति तोमर ने सतर्कता विभाग के पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उसके खाते में 30 से 35 करोड़ रुपया आया था। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनके द्वारा ही उनके खाते में पैसे हस्तांतरित किए गए थे।स्वाति को विश्वास में लेकर इन्हें उप - ठेकेदार बनाकर पैसे खाते में डाले गए थे। उन्होंने कहा कि स्वाति के खाते में जो भी पैसा आया 20 मिनट से ज्यादा नहीं रुका, जैसे ही पैसा आया उसके बाद दूसरे खाते में हस्तांतरित कर दिया गया।

मौसम विभाग ने आज और कल हरियाणा में कुछ जगहों पर ओलावृष्टि और कुछ जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ आंधी चलने और गरज के साथ बिजली कड़कने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने कहा है कि आज हरियाणा और चंडीगढ़ में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है जबकि कल भी कुछ जगहों पर बारिश होने का अनुमान है और उसके बाद मौसम सूखा रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश से अधिकतम तापमान में 48 घंटों के लिए 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है और उसके बाद धीरे-धीरे 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।

हरियाणा राज्य महिला आयोग, अशोक विश्वविद्यालय की एक महिला छात्र से संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को पत्र लिखेगा। शिकायत के अनुसार उनकी बेटी, जो अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत में पढ़ाई कर रही है, पिछले कुछ समय से परिवार के संपर्क में नहीं है। बेटी की फीस लगातार जमा हो रही है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन उसकी स्थिति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने बताया कि इस संबंध में परिजनों ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान पुलिस को छात्रा की आखिरी लोकेशन एक प्रोफेसर के घर पर मिली लेकिन जब तक पुलिस वहां पहुंची, छात्रा और संबंधित प्रोफेसर वहां से जा चुके थे। बाद में यह मामला रोहतक अदालत में पहुंचा, जहां छात्रा और प्रोफेसर दोनों पेश हुए। अदालत में छात्रा ने अपने माता-पिता के साथ जाने से इनकार कर दिया। परिजनों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि छात्रा को प्रभावित किया गया है। परिवार का आरोप है कि विश्वविद्यालय की तीन महिला प्रोफेसर छात्राओं को मानसिक तौर पर प्रभावित कर उन्हें ट्रांसजेंडर बना देती हैं। उन्हें शक है कि उनकी बेटी के साथ भी ऐसा ही हुआ है। सुनवाई में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को भी तलब किया था। महिला आयोग अध्यक्ष के बार-बार सवाल करने के बाद भी रजिस्ट्रार चुप रहे। महिला आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है।